## शहीदों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई



नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में सभी शासकीय कार्यालयों में शुक्रवार को प्रात: 11 बजे मौन धारण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर केआर बडोले, एसडीएम खंडवा ऋषि कुमार सिंघई, डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले एवं जिला कोषालय अधिकारी आर एस गवली सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री बडोले ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को नशा मुक्ति संबंधी शपथ दिलाई और सभी से मद्यनिषेध संबंधी संकल्प पत्र भी भरवाए गए।

## वकिस्त चुकाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वालों पर प्रकरण पंजीबद्ध

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर के मोघट रोड थाना क्षेत्र में आयशर वाहनों के फाइनेंस की किश्तें चुकाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह पर पुलिस ने आखिरकार शिकंजा कसा ही दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर दो स्थानीय दलालों और महाराष्ट्र के एक खरीदार समेत कुल तीन लोगों के खिलाफ नामजद अपराध पंजीबद्ध किया है। घटनाक्रम के मुताबिक, आरोपियों ने वाहन मालिकों से विश्वास में लेकर सौदा चिट्ठी के आधार पर तीन आयशर वाहन अपने कब्जे में लिए थे। उन्होंने वादा किया था कि वे फाइनेंस कंपनियों की शेष किश्तें नियमित रूप से भरेंगे। लेकिन वाहन हाथ लगते ही उन्होंने किश्तें भरना बंद कर दिया और गाड़ियों को महाराष्ट्र के मालेगांव में खपा दिया। जब वाहन मालिक नरेश सागोर, राकेश मोरे और कन्हैया भीलाला ने अपने वाहन या पैसे वापस मांगे, तो आरोपी टालमटोल करने लगे और गाड़ियाँ खुर्द-बुर्द कर दीं। लंबे समय तक मामला कागजी खाना पूर्ति में लटका रहा। वाहन मालिकों ने एसपी को गुहार लगाई लेकिन कार्रवाई में देरी होती रही। आखिरकर सभी ने धरना देकर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की मांग की शुक्रवार को पुलिस हरकत में आई और शिकायत का संज्ञान लेते हुए जांच के बाद मोघट पुलिस ने ओम पिता चंद्रकांत मिश्रा (निवासी राजपुरा, पंधाना), इमरान पिता रफीक कुरैशी (निवासी गुलशन नगर, खंडवा) और इकबाल पिता अकील शेख (निवासी आजाद नगर, मालेगांव) के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2) और 3(5) के तहत अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब इन तीनों की तलाश और वाहनों की बरामदगी में जुट गई है।

## बोर्ड परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए दल गठित

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** इस वर्ष 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए खंडवा जिला प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने परीक्षाओं की व्यवस्थित व्यवस्थाओं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों के निरीक्षण दल गठित किए हैं। इन दलों को निर्देशित किया कि वे परीक्षा केंद्रों का सतत और औचक निरीक्षण करें तथा किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करें। इसके साथ ही, अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षा समाप्ति के तुरंत बाद उत्तर पुस्तिकाएं पूरी सुरक्षा के साथ उसी दिन संबंधित पुलिस थानों में जमा हो जाएं, जिसके लिए वाहनों की विशेष व्यवस्था की गई है।

प्रशासन ने जिले भर में निगरानी के लिए थाना क्षेत्रवार दायित्व सौंपे हैं। मोघट, कोतवाली और बोरगांव क्षेत्र के लिए नायब तहसीलदार रेमसिंह बघेल व अन्य अधिकारियों को तैनात किया गया है, जबकि पंधाना और पिपलोद क्षेत्र की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार रमेश चौहान और उपायुक्त सहकारिता को सौंपी गई है। इसी प्रकार छैगांवमाखन क्षेत्र में नायब तहसीलदार शीतल रणदा, पुनासा व ओंकारेश्वर क्षेत्र में अरविंद पाराशर, हरसूद में सुरेश बामनिया तथा खालवा क्षेत्र में विनोद कुमार यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर परीक्षा व्यवस्था पर नजर रखेंगे।

## गेहूं उपार्जन पंजीयन 7 फरवरी से

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन का कार्य ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से 7 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक होगा। प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश सावले ने बताया कि इस वर्ष वन अधिकार पट्टाधारी एवं सिकमी किसानों के लिए शासन के निर्देश आए हैं कि वनाधिकारी पट्टाधारी किसानों को वन पट्टा एवं सिकमी व बटाईदार किसानों को सिकमी व बटाई अनुबंध दिनांक 2 फरवरी 2026 से पूर्व की अवधि का पंजीकृत होने पर ही मान्य किया जाएगा। अत: सभी किसानों को सूचना दी गई है कि वे अपने पट्टे या अनुबंध 2 फरवरी 2026 से पूर्व आवश्यक रूप से पंजीकृत करा लें। इस निर्धारित तिथि के बाद के अनुबंध या पट्टे मान्य नहीं किये जाएंगे तथा ऐसे किसानों का पंजीयन किया जाना संभव नहीं होगा।

# मध्याह्न भोजन बंद और बच्चे नदारद देख भड़के जिला पंचायत सीईओ

### प्रधान पाठक को नोटिस, समूह को हटाने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा शुक्रवार को किल्लौद क्षेत्र में पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आए। विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान जब उन्होंने एक प्राथमिक स्कूल का औचक निरीक्षण किया, तो वहां व्याप्त अव्यवस्थाओं को देख भड़क गए। स्कूल में न तो बच्चे पर्याप्त संख्या में मिले और न ही मध्याह्न भोजन बनता हुआ पाया गया। इस लापरवाही पर सीईओ ने मौके पर ही सख्त कार्रवाई करते हुए प्रधान पाठक को नोटिस और स्व-सहायता समूह को हटाने का फरमान सुना दिया।





**स्कूल में मिली घोर लापरवाही :** डॉ. गौड़ा ने जब गांव की प्राथमिक शाला में कदम रखा, तो वहां सन्नाटा पसरा था। बच्चों की नगण्य उपस्थिति पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई और जिम्मेदार प्रधान पाठक को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। हद तो तब हो गई जब स्कूल में मध्याह्न भोजन बनता ही नहीं पाया गया। बच्चों के पोषण आहार में इस तरह की लापरवाही पर सीईओ ने संबंधित स्व-सहायता समूह को तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने समूह द्वारा खरीदे गए बर्तनों की भी जाँच की।

**इंजीनियरों को हिदायत- केवल खानापूर्ति न करें :** इससे पूर्व, डॉ. गौड़ा और अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा ने बलड़ी विकासखंड की ग्राम पंचायत गड़बड़ी, नांदियाखेड़ और बरमलाय में मिशन अमृत संचय अभियान के कार्यों का निरीक्षण किया। यहाँ बन रहे रिचार्ज पिट और ट्रेंच के कार्यों को देख सीईओ ने उपयंत्रियों को तकनीकी पाठ पढ़ाया।

उन्होंने स्पष्ट हिदायत दी कि सरकारी राशि का उपयोग केवल गड्ढे खोदने में न करें, बल्कि स्थानीय ढलान और पानी के बहाव को समझकर वैज्ञानिक तरीके से संरचनाएं बनाएं, ताकि बारिश का अधिकतम पानी जमीन में उतर सके। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता परखने के लिए नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए।

दौरे के अंत में सीईओ ने बीवर गुफा स्थल का निरीक्षण किया। आगामी शिवरात्रि पर्व पर यहाँ लगने वाले मेले को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने समय रहते प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के आदेश दिए।

# सड़कों पर उतरा 100 वाहनों का काफिला

### हाइवे पर 1033 डायल कर बचा सकते है जिंदगी



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर की सड़कें आज एक अनुशासित और भव्य नजारे की गवाह बनीं। सायरन या शोर-शराबा नहीं, बल्कि सुरक्षा के संदेश के साथ जब 100 से अधिक वाहनों का काफिला और हेलमेट-जैकेट पहने सैकड़ों लोगों का हुजूम शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरा। मौका था सड़क सुरक्षा माह 2026 का, जिसके तहत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एक व्यापक जागरूकता अभियान छेड़ा है।

एनएचएआई के परियोजना निदेशक आशुतोष सोनी के नेतृत्व में आयोजित इस रैली की शुरुआत बॉम्बे बाजार से हुई। सबसे आगे एनएचएआई की टीम पैदल मार्च कर रही थी, जिनके हाथों में सुरक्षा स्लोगन थे। उनके पीछे 100 से अधिक वाहनों की कतार थी। यह रैली नगर निगम तिराहा होते हुए पदम नगर थाने पर समाप्त हुई। इस दौरान जिला कलेक्ट ऋषव गुप्ता, एसपी मनोज कुमार राय और विधायक श्रीमती तनवे ने विशेष रूप से उपस्थित होकर इस मुहिम का हौसला बढ़ाया।

जीवन रक्षक मंत्र: परियोजना निदेशक श्री सोनी ने बताया कि अक्सर लोग दुर्घटना के बाद घबरा जाते हैं, लेकिन हाईवे पर 1033 केवल एक नंबर नहीं, बल्कि जीवन रक्षक है। इस पर कॉल करते ही एनएचएआई की टीम मदद के लिए दौड़ पड़ती है।

उन्होंने दुर्घटना के बाद का पहला एक घंटा की अहमियत समझाई। उन्होंने कहा अगर इस एक घंटे में सही मदद मिल जाए, तो किसी की उखड़ती सांसें वापस लाई जा सकती हैं। इसके अलावा, उन्होंने स्पष्ट किया कि हाईवे पर अवैध कट और गलत पार्किंग हादसों का बड़ा कारण हैं, जिनसे निपटने के लिए कड़े नियम लागू हैं।

इस अवसर पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि सिर्फ कानून बनाने से एक्सीडेंट नहीं रुकेंगे। जब तक हम खुद अपनी आदतों में सुधार नहीं करेंगे, सड़कें सुरक्षित नहीं होंगी। यह रैली लोगों के जमीर को जगाने का काम करेगी। एसपी श्री मनोज कुमार राय ने कहा- हादसा बताकर नहीं आता, लेकिन हेलमेट और सीट बेल्ट हमें बचा जरूर सकते हैं। नियमों का पालन पुलिस के डर से नहीं, बल्कि अपनी जान की परवाह के लिए करें।

### युवाओं को भी जोड़ा मुहिम से

एनएचएआई का यह अभियान केवल रैलियों तक सीमित नहीं है। इससे पहले टीम ने सेंट जोसेफ और महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में जाकर बच्चों के बीच भी अलख जगाई थी, ताकि आने वाली पीढ़ी शुरू से ही यातायात नियमों की पक्की हो।

## समीक्षा बैठक में 38 पुलिसकर्मी हुए सम्मानित



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** पुलिस कंट्रोल रूम में शुक्रवार को उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज कुमार राय ने जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में एएसपी राजेश रघुवंशी, एएसपी महेंद्र तारणेकर, प्रशिक्षु आईपीएस अमित कुमार, सीएसपी अभिनव बारंगे, डीएसपी मुख्यालय अनिल सिंह चौहान सहित सभी एसडीओपी मौजूद रहे।

एसपी श्री राय ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने लंबित अपराधों, चालान और मर्ग के शीघ्र निराकरण के साथ-साथ थानों के मालखानों में जमा सामग्री के निस्तारण पर जोर दिया। विशेष रूप से समंस की शत-प्रतिशत और गिरफ्तारी वारंट की 90त्न से अधिक तामीली सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया। साथ ही, संपत्ति संबंधी अपराधों में रिकवरी बढ़ाने और जप्त वाहनों के अदालती निराकरण के निर्देश दिए गए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शाम के समय संवेदनशील व भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त और गुंडों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने को कहा गया। बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 38 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को एसपी ने पदक, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसमें टीआई मोघट धीरेश धारवाल को उत्कृष्ट थाना प्रबंधन, टीआई पिपलोद सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय, टीआई हरसूद राजकुमार राठौर और टीआई खालवा जगदीश सिंदिया को गंभीर अपराधों, हत्या और लूट के मामलों के सफल अनावरण के लिए विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने गांधी भवन और नगर निगम तिराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि गांधीजी का संपूर्ण जीवन हमें आपसी भाईचारे और सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में समाज में व्याप्त कटुता को मिटाने के लिए हमें ईश्वर अल्लाह तेरो नाम की भावना को आत्मसात करना होगा।



जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने उपस्थित जनों को संकल्प दिलाया कि अहिंसा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्य, प्रेम और सहिष्णुता के मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस दौरान वरिष्ठ नेता जगदीशचंद्र चौरे, विकास व्यास

देवेंद्र जैन, शांतनु दीक्षित, शेख फरीद, मनोज मंडलोई, चैनसिंह वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।



## एआई से नौकरियां खत्म नहीं कार्यक्षमता बढ़ेगी : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** एसएन कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत उच्च शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का महत्व विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने उद्घाटन सत्र में एआई को लेकर युवाओं के मन में व्याप्त डर को खारिज किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई से नौकरियां खत्म नहीं होंगी, बल्कि यह हमारी कार्यक्षमता और गुणवत्ता को कई गुना बढ़ा देगा।

कलेक्टर ने कहा कि भविष्य एआई का है। जो काम पहले 8-10 घंटों में होते थे, वे अब मिनटों में सटीकता से हो रहे हैं। आज तकनीक की बदौलत छोटे शहर का युवा भी अमेरिका में बैठे व्यक्ति से मुकाबला कर सकता है। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन को एआई आधारित नए पाठ्यक्रम और व्यावहारिक प्रशिक्षण शुरू करने के निर्देश दिए।

विधायक कंचन मुकेश तन्वे ने विद्यार्थियों से अपनी ऊर्जा शोध कार्यों में लगाने का आह्वान किया, वहीं महापौर अमृता अमर यादव ने समय के साथ हो रहे बदलावों को अपनाने पर जोर दिया। मुख्य वक्ता एनआईटीटीटीआर भोपाल के प्रो. डॉ. पीके पुरोहित ने भारत की वैज्ञानिक प्रगति और भविष्य में एआई की भूमिका समझाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अविनाश दुबे ने किया।

## प्रमोद कुमार चौकीकर सेवानिवृत्त, विदाईसमारोह

नवभारत न्यूज

सिंगाजी पॉवर प्लांट में कार्यरत प्रमोद कुमार चौकीदार के सेवानिवृत्ति पर विधाई समारोह आयोजित किया। परियोजना परिसर में आयोजित मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता जे सी जुनवाल आरके साहू एससी गुप्ता बीके मल्ल हर्षवर्धन तिवारी थे अतिथियों को स्वागत आरडी शर्मा शैलेंद्र सिंह सोमेश उपाध्याय रविश्रीवास्तव ने किया मुख्य अभियंता जुनवाल द्वारा सेवानिवृत्तप्रमोद कुमार चौकीकर को साल एवं श्रीफल एवं मिठाई देकर सम्मानित किया गया अधिकारी आरडी शर्मा ने विचार व्यक्त किये एवं जेसी जुनवाल द्वारा। 33 वर्ष की सेवानिवृत्ति पर श्री चौकीकर शुभकामनाएं दी और उनकी सेवाओं को सरहनीयबताया कार्यक्रम के दौरान प्रमोद कुमार चौकीकर ने एवं उनके परिवार ने अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन कुणाल पाटीदार ने किया

# गांधी व माखन दादा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

नवभारत न्यूज




**खंडवा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं महान साहित्यकार व स्वतंत्रता सेनानी पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की पुण्यतिथि पर शासकीय कन्या महाविद्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में कर्मवीर विद्यापीठ, पत्रकारों, महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया। समाजसेवी व पत्रकार सुनील जैन ने कहा कि गांधी जी ने सत्य व अहिंसा के मार्ग से देश को दिशा दी, वहीं माखनलाल चतुर्वेदी ने अपनी लेखनी से स्वतंत्रता की चेतना जगाई। वरिष्ठ पत्रकार एवं उपाधि धारक पत्रकार संघ अध्यक्ष निशात सिद्दीकी ने खंडवा को तीन दादाओं की नगरी बताते हुए कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी के नाम से संचालित पत्रकारिता विश्वविद्यालय का विस्तार परिसर अब भी किराए के भवन में चल रहा है। उन्होंने शासन से भूमि आवंटन कर खंडवा में पत्रकारिता पाठ्यक्रम पुन: प्रारंभ करने की मांग की।

इस अवसर पर प्रमोद सिन्हा, अमित जायसवाल, प्रवीण दुबे, नितिन झवर, नारायण बाहेती सहित अनेक पत्रकार व छात्र उपस्थित रहे।



## कुष्ठ निवारण दिवस पर महापौर ने दिलाई शपथ

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को कुष्ठ निवारण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिलेभर में कुष्ठ मुक्ति का संकल्प दिलाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर निगम कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थित नागरिकों को कुष्ठ मुक्ति एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत, लायंस क्लब की श्रीमती उपाध्याय, नारायण बाहेती, सुशील मंडलोई, जिला कुष्ठ अधिकारी पर्व तिवारी, डॉ. नितिन कपूर, डॉ. सुजित वर्मा सहित स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं नर्सिंग विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## माखनलाल दादा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि




नवभारत न्यूज

खंडवा के माली कुआं स्थित सद्भावना मंच कार्यालय में शुक्रवार को पं. माखनलाल चतुर्वेदी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। मंच संस्थापक प्रमोद जैन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सदस्यों ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और राष्ट्रीय कवि को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

मंच प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित जनों को संकल्प दिलाया कि हमें दादा के बताए मार्ग पर चलकर लोकतांत्रिक आजादी की नींव को और मजबूत करना है। उन्होंने खंडवा को दादा की कर्मभूमि होने पर गर्व व्यक्त किया। इस गरिमामय आयोजन में डॉ. जगदीशचंद्र चौरे, पूर्व डीएसपी आनंद पाल तोमर, देवेंद्र जैन, सुरेन्द्र गीते, गणेश भावसार, ललित चौरे और मुरली कोडवानी सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त किए।